प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

स्टाफ एथलेटिक प्रतियोगिता 3 मार्च से

पंतनगर। 24 फरवरी 2025। विश्वविद्यालय में कार्यरत कार्मिकों के पंतनगर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित तीन–दिवसीय 26वीं एथलेटिक प्रतियोगिता आगामी 3 मार्च से शुरू हो रही है। क्लब के सचिव योगेश पंत ने बताया कि 3 मार्च से 5 तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न आयु वर्ग 30 वर्ष से नीचे, 30, 35, 40, 45, 50, 55 व 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे, जिसमें 100 मीटर, 200, 400, 800, 1500, 5 हजार मीटर एवं 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़, 5 किमी पुरूष एवं 3 किमी महिलाओं के लिए पैदल चाल, शाटपुट, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो, लॉग जम्प, ट्रिपिल जम्प, रस्साकसी आदि प्रतियोगितायें करायी जायेंगी। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी कार्मिकों से इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

निदेशक संचार